Prof. C.R. Suthar
DEAN

OFFICE OF THE DEAN
UNIVERSITY COLLEGE OF SOCIAL SCIENCES & HUMANITIES
MOHANLAL SUKHADIA UNIVERSITY, UDAIPUR
Ph- 0294- 2470143

क्रमांक / साविमाम / प्रवेश / 2021 / **260** दिनांकः 31.08.2021

# बी. ए. प्रथम वर्ष प्रवेश हेतु सामान्य निर्देश

विश्वविद्यालय सामाजिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय (UCSSH) में प्रवेश लेने वाले समस्त आवेदकों को सूचित किया जाता है कि–

1. यदि किसी आवेदक ने पंजीकरण शुल्क जमा नहीं करवाया है तो उसका नाम सूची में दिखाई नहीं देगा। ऐसे आवेदक हेल्पलाइन या IUMS से सम्पर्क करें।
2. आवेदक अपने आवश्यक दस्तावेज जैसे– 10वीं एवं 12वीं की अंकतालिका, भारांक (Weightage) हेतु खेल प्रमाण पत्र, NCC, NSS इत्यादि प्रमाण पत्र संलग्न करें और जाति प्रमाण पत्र जैसे SC, ST, OBC, MBC, SBC & EWS तथा अन्य आरक्षण जैसे Defence, दिव्यांग , University Ward इत्यादि के प्रमाण पत्र भी अपलोड करे। सन् 2021 से पूर्व 12वीं की परीक्षा उतीर्ण आवेदक गेप प्रमाण पत्र भी अपलोड करें।
3. EWS & OBC Certificate एक वर्ष से अधिक पुराना नहीं होना चाहिए।
4. ध्यान रखें कि अपलोड किया हुआ कोई भी दस्तावेज धुंधला (Blurr) नहीं होना चाहिए।
5. यदि आपने इन्टरनेट आधारित मार्कसीट अपलोड की है तो कृपया उसके स्थान पर विद्यालय से ली गयी मूल अंकतालिका को स्केन कर अपलोड करें।
6. कृपया आवेदन पत्र पर अपने स्वयं का मोबाईल नम्बर एवं ई मेल आई डी लिखे किसी अन्य का/की नहीं।
7. कृपया ध्यान दें बी. ए. पास कोर्स हेतु सामान्य एवं EWS हेतु 12वीं कक्षा में न्यूनतम 48 प्रतिशत एव बी.ए. ऑनर्स हेतु न्यूनतम 50 प्रतिशत अंक होना अनिवार्य है तथा राजस्थान से बाहर 12वीं कक्षा उंत्तीर्ण आवेदक चाहे किसी भी आरक्षित वर्ग के हों वे सामान्य श्रेणी में माने जायेंगे तथा ऐसे आवेदकों के 12वीं कक्षा में न्यूनतम 60 प्रतिशत अंक होना अनिवार्य है। ऐसे आवेदकों के न्यूनतम अंक नहीं होने पर अथवा किसी आवेदक के दस्तावेज न मिलने पर या धुंधला दस्तावेज अपलोड किये जाने पर आवेदन निरस्त कर दिया जायेगा।
8. प्रवेश से संबंधित कोई विशेष संदेश या ई मेल नहीं भेजी जायेगी। बल्कि सभी सूचनाएं विश्वविद्यालय की वेबसाईट पर उपलब्ध रहेंगी। अतः नियमित रुप से वेबसाईट देखते रहें।

DEAN
University College of
Social Sciences & Humanities
UDAIPUR

लगातार..................

9. बी.ए. प्रथम वर्ष में अधिक विषय एवं समूह होने के कारण प्रवेश हेतु काउंसलिंग ऑफलाइन होगी। जो सितम्बर माह के दूसरे/तीसरे सप्ताह में संभव है।
10. ऑफलाइन काउंसलिंग में आते समय सभी आवेदक आवेदन पत्र की हार्डकॉपी, दो फोटो, मूल दस्तावेज तथा उनकी प्रतिलिपियां एवं नकद प्रवेश शुल्क साथ लावें।
11. लगभग 10 दिन पश्चात प्रवेश हेतु योग्य पाये गये आवेदकों की प्रारुप (Draft) सूची वेबसाईट एवं महाविद्यालय के नोटिस बोर्ड पर उपलब्ध होगी तथा लगभग 3 दिन तक आवेदक अपनी आपति/ परिवेदना दर्ज करा सकेगा।
12. निर्धारित तिथि तक आवेदक अपनी परिवेदना अथवा संबंधित दस्तावेज प्रस्तुत कर सकेंगे तथा अंतिम वरीयता सूची बनने पर किसी प्रकार की परिवेदनाओं पर विचार नहीं किया जायेगा।
13. बी. ए. पास कोर्स एवं ऑनर्स के आवेदक आपस में एक दूसरे पाठ्यक्रम में नहीं जा सकेंगे।
14. प्रवेश के समय दिये गये वैकल्पिक विषयों में बाद में किसी प्रकार का परिवर्तन संभव नहीं होगा।
15. **कृपया अपने ऑनलाईन आवेदन में 7 सितम्बर, 2021 तक आवश्यक संशोधन (Edit) कर समस्त कमी पूर्ति कर देवें इसके पश्चात संशोधन की सुविधा उपलब्ध नहीं होगी।**

1.9.2021

अधिष्ठाता
University College of
Social Sciences & Humanities
UDAIPUR